UPJN(R) BANDA
@upjnrbanda

Show translation

दिनांक 07-11-2026 को दैनिक समाचार पत्र 'अमर उजाला' के ई-संस्करण द्वारा प्रकाशित खबर "कालिंजर में सूखे नल, लोग परेशान" के संबंध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड नरैनी की ग्राम पंचायत तरहटी कालिंजर जल जीवन मिशन अंतर्गत खटान ग्रामसमूह पेयजल योजना से आच्छादित है। ग्राम बहादुरपुर कालिंजर में निर्मित शिरोपरि जलाशय (क्षमता 450 कि0ली0 / ऊँचाई 25 मी0) व पाइप लाइन 9.812 कि0मी0 बिछाकर 1330 नग गृह जल संयोजन के माध्यम से घरों में पेयजलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में पेयजलापूर्ति आंशिक रूप से संचालित है तथा कार्य प्रगति पर है, किन्तु कुछ ग्रामीणों द्वारा टुल्लू पम्प का प्रयोग करने के कारण ग्राम के अधिकांश क्षेत्र व दूरस्थ बिंदु तक पेयजलापूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसके निस्तारण हेतु ग्राम पंचायत व ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति से समन्वय स्थापित कर तथा माह नवंबर, 2026 के अंत तक कार्य पूर्ण कर पेयजलापूर्ति नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित कराया जाना प्रक्रियाधीन है। साथ ही अवगत कराना है कि विगत 03 दिवस से पर्याप्त विद्युत आपूर्ति प्राप्त न होने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है, जिसके निस्तारण हेतु विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

@upswsm @UP_JN_Gramin



